वो आएगा | by Reshmi Sharma

खाटू वाला खुद खाटू से तेरे लिए आएगा
मोरछड़ी ले लीले चढ़के संग खुशी लाएगा
खाटू वाला खुद खाटू से ....

तुझको तो बस इतना करना श्याम से नेह लगाना है
दीं दुखी निर्बल का हर दम तुझको साथ निभाना है
तुझपे अपना प्रेम लुटाने तेरे लिए आएगा
मोरछड़ी ले लीले चढ़के संग खुशी लाएगा

दुनिया वाले क्या कहते हैं उसपे ना तू विचार कर
श्याम के आगे करके समर्पण जो भी मिले स्वीकार कर
हार के खुद को तुझको जिताने तेरे लिए आएगा
मोरछड़ी ले लीले चढ़के संग खुशी लाएगा

जितनी भी उलझन हैं मोहित श्याम उसे हल कर देगा
पापों से मुक्ति देकर के जीवन सफल ये कर देगा
केवट बनकर पार लगाने तेरे लिए आएगा
मोरछड़ी ले लीले चढ़के संग खुशी लाएगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a5%8b-%e0%a4%86%e0%a4%8f%e0%a4%97%e0%a4%be-by-reshmi-sharma/